मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-227
30/03/2023

# रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल हुये राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री

पटना, 30 मार्च 2023 :— राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज शाम श्री रामनवमी के अवसर पर पटना के डाकबंगला चौराहा पहुॅचकर श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनन्दन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने शोभा यात्रा का स्वागत कर आरती की तथा उन्हें प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने भी उपस्थित जन—समुदाय का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया और श्री रामनवमी की शुभकामनायें राज्यवासियों को दीं।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, केन्द्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह, नेता प्रतिपक्ष बिहार विधानसभा श्री विजय कुमार सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष बिहार विधान परिषद् श्री सम्राट चौधरी, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद, सांसद श्री रविशंकर प्रसाद, पूर्व मंत्री श्री नितिन नवीन, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, विधान पार्षद श्री संजय मयूख, मेयर पटना नगर निगम श्रीमती सीता साहू, पूर्व विधान पार्षद श्रीमती किरण घई, पूर्व विधान पार्षद श्री लाल बाबू प्रसाद, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह, जदयू नेता श्री ओमप्रकाश सेतु सहित आयोजन समिति के सदस्यगण, सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आयोजकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत अंगवस्त्र भेंटकर किया।

*****